## सामान्य हिन्दी

निर्देश (प्रश्न 61-65) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके निचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

संस्कृति एक ऐसी चीज नहीं है जिसकी रचना दस-बीस या सौ-पचास वर्षों में की जा सकती हो । हम जो कुछ भी करते हैं उसमें हमारी संस्कृति की झलक होती हैं यहां तक कि हमारे उठने बैठने पहनने ओढ़ने, धूमने-फिरने और रोने हँसने में भी हमारी संस्कृति की पहचान होती हैं । हमारा कोई भी एक काम हमारी संस्कृति का पर्याय नहीं बन सकता । असल में, संस्कृति जिन्दगी का एक तरीका है और यह तरीका सदियों में जमा होकर उस समाज में छाया रहता है जिसमें हम जन्म लेते हैं । इसलिए, जिस समाज में हम पैदा हुए हैं अथवा जिस समाज से मिलकर हम जी रहे हैं, उसकी संस्कृति हमारी संस्कृति है। अपने जीवन में हम जो संस्कार जमा कर रहे हैं वह भी हमारी संस्कृति का अंग बन जाते हैं और मरने के बाद हम अन्य वस्तुओं के साथ अपनी संस्कृति की विरासत भी अपनी सन्तानो के लिए छोड़ जाते हैं । इसलिए संस्कृति वह चीज मानी जाती हैं जो हमारे सारे जीवन को व्याप्त किए हुए है तथा जिसकी रचना और विकास में अनेक सदियों के अनुभवों का हाथ है । यही नहीं, बल्कि संस्कृति हमारा पीछा जन्म जन्मांतर तक करती है। अपने यहाँ एक साधारण कहावत है की जिसका कैसा संस्कार है, उसका वैसा ही पुनर्जन्म भी होता है। जब हम किसी बालक या बालिका को बहुत तेज पाते हैं तब अचानक कह देते हैं की वह पूर्व जन्म का संस्कार है। संस्कार या संस्कृति असल में शरीर का नहीं आत्मा का गुण हैं और जब हमारा सम्बन्ध शरीर के साथ छूट जाता है तब भी हमारी संस्कृति का प्रभाव हमारी आत्मा के साथ जन्म जन्मांतर तक चलता रहता है।

प्रश्न 61 - 'संस्कृति जिन्दगी का एक तरीका है' पंक्ति से लेखक का आशय क्या है?

1. जीवनभर मानव की सोच को प्रभावित करती है ।
2. मानव के सभी कार्यो तथा व्यवहार को प्रभावित अथवा नियंत्रित करती है ।
3. मानव के लिए एक काम का पर्याय नहीं हो सकती है।
4. मानव को इस जीवन तथा भावी जीवन के लिए तैयार करती है ।

प्रश्न 62 - संस्कृति की व्याप्ति है-

1. मानव के उठने बैठने, हँसने रोने में
2. जीवन के सभी किर्या-कलापों में
3. शरीर और आत्मा में
4. पूर्व जन्म और अगले जन्म में

प्रश्न 63 - संस्कृति निरंतर प्रवाहवान है, क्योंकि -

1. संस्कृति जिन्दगी को जीने की एक विशेष पद्धति है।
2. हमारे जीवन के संस्कार भावी पीढी को संस्कृति के अंग रूप में मिलते हैं
3. काल कभी विश्राम नहीं लेता और संस्कृति कालातीत होती है
4. मनुष्य कभी अपनी संस्कृति को भूल नहीं पाता और उसमें विकास के लिए सदैव प्रयास करता रहता है

www.4eno.in up police

प्रश्न 64 - सभ्यता और संस्कृति में मूल अंतर यह है की सभ्यता -

1. नित्य है, संस्कृति अनित्य
2. असीमित है, संस्कृति सिमित
3. का प्रभाव परिमित है, संस्कृति का अपरिमित
4. का संबंध इहलोक से है, संस्कृति कर परलोक से

प्रश्न 65 - इस अनुच्छेद का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है -

1. संस्कृति की व्यापकता
2. संस्कृति की महत्ता
3. संस्कृति आत्मा का गुण
4. सभ्यता और संस्कृति

प्रश्न 66 - 'आज भारत में श्रवण कुमार पैदा होते हैं' इस वाक्य के रेखांकित शब्द में कौन सी संज्ञा है!

1. भाववाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. द्रव्यवाचक संज्ञा
4. व्यक्तिवाचक संज्ञा

प्रश्न 67 - 'मेरा खिलौना टुटा है' इस वाक्य में कौन सा सर्वनाम है ?

1. निजवाचक सर्वनाम
2. सम्बन्धवाचक सर्वनाम
3. पुरुषवाचक सर्वनाम
4. अनिश्चितवाचक सर्वनाम

प्रश्न 68 - निम्न में से कौन सा शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम का उदाहरण है?

1. उस
2. इधर
3. जैसा
4. कैसे

प्रश्न 69 - 'प्रस्तुतीकरण' शब्द का लिंग क्या है?

1. स्त्रीलिंग
2. पुल्लिंग
3. स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग
4. इनमें से कोई नहीं

www.4eno.in up police

प्रश्न 70 - 'वधू' शब्द का बहुबचन क्या है?

1. वधुऐं
2. वर
3. वधुओं
4. इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 71 - निम्न में से कौन-सा विकल्प कर्म कारक के अंतर्गत आता है?

1. तुम फल किसके लिए लाये।
2. उसकी शादी हो गयी ।
3. सोमवार को सावन का व्रत है।
4. अधिकारी ने कर्मचारी को डांटा।

प्रश्न 72 - 'एक कार्यालय में तीन सौ कर्मचारी कार्य करते हैं। सभी karmchari बहुत मेहनती तथा ईमानदार है।' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण शब्द कौन-कौन से है?

1. एक, कार्यालय तथा कार्य तथा कर्मचारी
2. कर्मचारी, बहुत तथा मेहनती
3. ईमानदार तीन सौ कर्मचारी तथा कार्य
4. एक, तीन सौ, मेहनती तथा ईमानदार

प्रश्न 73 - कर्त्यवाचक में किसकी प्रधानता होती है ?

1. कर्म की
2. कर्ता की
3. भाव की
4. उपर्युक्त सभी

प्रश्न 74 - अविचल बहुत देर से टहल रहा है। वाक्य में कौन-सी क्रिया है?

1. सकर्मक क्रिया
2. अकर्मक क्रिया
3. प्रेरणार्थक क्रिया
4. संयुक्त क्रिया

प्रश्न 75 - 'यदि रमा नृत्य में अभ्यास करती, तो वह आज प्रसिद्ध नर्तकी होती। में कौन सा काल है ?

1. भूतकाल
2. वर्तमानकाल
3. भविष्यकाल
4. इसमें से कोई नहीं

www.4eno.in up police

प्रश्न 76 - 'तुमने कहा कि तुम व्यस्त हो अर्थात तुम यहाँ आना नहीं चाहती। रेखांकित शब्द किस अव्यय से संबंधित है?

1. स्वरुपवाचक समानाधिकरण अव्यय
2. स्वरूपवाचक व्यधिकरण अव्यय
3. हर्षबोधक विस्मयादिबोधक अव्यय
4. आश्चर्यबोधक विस्मयादिबोधक अव्यय

प्रश्न 77 - 'सम्मुख' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है?

1. सन्
2. समु
3. सम्
4. स

प्रश्न 78 - ______ शब्द रूढ़ हैं!

1. वर
2. राष्ट्रपति
3. जलजला
4. उपयुक्त सभी।

प्रश्न 79 - 'सांसारिक' सब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग किया गया है?

1. ईक
2. रिक
3. रक
4. क

**समानार्थक शब्द - (80 - 81)**

प्रश्न 80 - अमृत

1. जल
2. सुधा
3. द्राक्षासव
4. आसव

प्रश्न 81 - परिणाम

1. फल
2. आम
3. चेष्टा

www.4eno.in
up police

4. पराजित

**विलोम शब्द**

प्रश्न 83 - ऋजु

1. हठी
2. कुटिल
3. निर्गम
4. जड़

प्रश्न 84 - निम्न में से कौन सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?

1. अवागमन
2. आवगमन
3. आवग्मन
4. आवगमन

प्रश्न 85 - निम्न में से कौन सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है?

1. पारिश्रमिक
2. अद्वितीय
3. भावनात्मक
4. कवियत्री

**शुद्ध वाक्य चुनिए (85 - 86)**

प्रश्न 85 -

1. तुमने सही काम किया।
2. तुमने सही काम कीजिये।
3. किया तुमने सही काम।
4. तुमने काम करा सही।

प्रश्न 86 -

1. पिछले सप्ताह विद्यालय बंद रहेगा।
2. पिछले सप्ताह विद्यालय बंद होगा।
3. पिछले सप्ताह विद्यालय बंद है।
4. पिछले सप्ताह विद्यालय बंद था।

प्रश्न 87 - 'कल प्रधानाध्यापक के आने की पूरी सम्भावना है' यह वाक्य किस वाक्य का उदाहरण है?

1. आज्ञार्थक वाक्य

www.4eno.in up police

2. सन्देहवाचक वाक्य
3. निषेधात्मक वाक्य
4. विस्मयादि वाक्य

प्रश्न 88 - 'अध्यापक ने बताया की कल अवकाश रहेगा' यह कौन सा वाक्य है ?

1. सरल वाक्य
2. संयुक्त वाक्य
3. मिश्र वाक्य
4. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न 89 - जब हम _____ होते हैं तो अपने आप को तुच्छ मानने लगते हैं।

1. खुश
2. उत्साही
3. असफल
4. आकर्षक

प्रश्न 90 - में किसी भी भाषा में ______ हासिल नहीं कर पाया।

1. बात
2. महारथ
3. सम्प्रेषण
4. कोशिश

प्रश्न 91 - मुख्यमंत्री शब्द _____ है।

1. रूढ़
2. यौगिक
3. योगरूढ़
4. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न 92 - दुर्गा का पर्यायवाची है?

1. कल्याणी
2. लाड़ली
3. दुहिता
4. आत्मजा

प्रश्न 93 - _____ शब्द रूढ़ है।

1. वर
2. राष्ट्रपति

www.4eno.in
up police

3. जलजला
4. उपयुक्त सभी

प्रश्न 94 - अनेकार्थी शब्द ---

1. हाथ
2. टैक्स
3. 1 तथा 2 दोनों
4. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न 95 - अतिथि देवो भवः में रेखांकित शब्द का अर्थ बताइये।

1. मेहमान, साधु
2. विपत्ति, परिस्थिति
3. सम्पति, कुलपति
4. उपस्थिति, मनोस्थिति

प्रश्न 96 - अल्लाह शब्द किस भाषा से सम्बंधित है ?

1. अरबी
2. फ़ारसी
3. अंग्रेजी
4. हिंदी

प्रश्न 97 - 'शेर हिंसक जानवर है' रेखांकित शब्द में कौन सी संज्ञा है?

1. जातिवाचक संज्ञा
2. द्रव्यवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा
4. व्यक्तिवाचक संज्ञा

प्रश्न 98 - निम्न में से कौन सा शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है ?

1. स्वयं
2. उसको
3. किन्हें
4. उन्हें

प्रश्न 99 - निम्न में से कौन सा शब्द निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण है ?

1. अपनी
2. अपने आप
3. स्वयं

www.4eno.in up police

4. मेरा

प्रश्न 100 - 'कुछ प्रश्न बहुत कठिन थे।' इस वाक्य में प्रयुक्त प्रविशेषण शब्द को छाँटिए।

1. कुछ
2. प्रश्न
3. बहुत
4. कठिन

प्रश्न 101 - 'शिक्षक के द्वारा पढ़ाया गया।' यह वाक्य किस वाच्य के अंतर्गत आएगा?

1. कर्मवाच्य
2. भाववाच्य
3. कर्तवाच्य
4. उपरोक्त सभी

प्रश्न 102 - 'सिर फिर जाना' मुहावरा का अर्थ है?

1. पागल हो जाना
2. परेशान हो जाना
3. सिर दर्द होना
4. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न 103 - 'आसमान से बातें करना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

1. ऊँची आवाज में बात करना
2. बहुत ऊँचा होना
3. गुस्से में बात करना
4. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न 104 - 'आप ताजे तो हरि को भजे' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

1. हरि का स्मरण अवस्य करना चाहिए।
2. स्वार्थ छोड़ने से ही परमार्थ सिद्ध होता है।
3. अहं त्यागकर हरि को भजें।
4. इनमे से कोई नहीं।

प्रश्न 105 - 'उल्टे बांस बरेली को' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

1. विपरीत कार्य करना
2. खतरा मोल लेना
3. व्यर्थ की बातें करना
4. इनमे से कोई नहीं

www.4eno.in up police

प्रश्न 106 - 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ है?

1. बहुत अधिक क्रोध में होना
2. गर्मी से परेशान हो जाना
3. खतरा मोल लेना
4. विचलित होना

प्रश्न 107 - भारतीय भाषा का पहला पत्र है ?

1. उदन्त मार्तंड
2. बंगदूत
3. समाचार सुधा वर्षण
4. बंगाल गजट

प्रश्न 108 - 'वागार्थ' का प्रकाशन होता है ?

1. कोलकाता से
2. गुजरात से
3. असम से
4. जनसान से

प्रश्न 109 - 'हंस' पत्रिका का प्रकाशन किसने प्रारम्भ किया था ?

1. राजेंद्र यादव
2. मुंशी प्रेमचंद्र
3. अमृतराय
4. जयशंकर प्रसाद

प्रश्न 110 - बरेली से प्रकाशित 'तत्वबोधिनी पत्रिका' थी?

1. मासिक
2. साप्ताहिक
3. पाक्षिक
4. द्विमासिक

प्रश्न 111 - 'संत काव्य' की विशेषता है ?

1. निगुर्णोपासक संतकवियों द्वारा रचा गया काव्य
2. कृष्ण भक्ति
3. प्रेममार्गी भक्ति
4. सगुन भक्ति की कल्पना

www.4eno.in
up police

प्रश्न 112 - 'तितली' निम्न में से किसकी करती है?

1. जयशंकर प्रसाद
2. द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी
3. अयोध्या प्रसाद उपाध्याय 'हरिऔध'
4. हजारी प्रसाद

प्रश्न 113 - 'काहे को व्याहे प्रदेश सुन बाबुल मोरे' निम्न में से किसकी पंक्तियाँ हैं ?

1. विजयसेन
2. मधुकर
3. आमिर खुसरो
4. चंदबरदाई

प्रश्न 114 - 'खा-खा कर कुछ न पायेगा, न खाकर बनेगा अहंकारी' पंक्ति में कौन सा अलंकार है।

1. रूपक अलंकार
2. अनुप्रास अलंकार
3. अतिश्योक्ति अलंकार
4. पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार

प्रश्न 115 - 'सागर सा गंभीर हृदय हो, गिरी सा ऊँचा हो जिसका मन' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

1. अन्योक्ति अलंकार
2. अतिश्योक्ति अलंकार
3. उपमा अलंकार
4. यमक अलंकार

प्रश्न 116 - 'विमाता बन गयी आंधी भयावह। हुआ चंचल न फिर श्यामघन वह ' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

1. श्लेष अलंकार
2. अनुप्रास अलंकार
3. पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार
4. यमक अलंकार

प्रश्न 117 - 'पिताजी चाहते हैं कि मोहन पढ़-लिखकर कलेक्टर बने' यह वाक्य किस वाक्य का उधाहर है?

1. इच्छाबोधक वाक्य
2. निषेधार्थक वाक्य
3. संकेतवाचक वाक्य
4. संदेहबोधक वाक्य

www.4eno.in up police

प्रश्न 118 - 'में तुम्हे लेने स्टेशन नहीं आ रहा' यह वाक्य किस वाक्य का उदाहरण है?

1. विस्मयादिबोधक वाक्य
2. निषेधार्थक वाक्य
3. इच्छावाचक वाक्य
4. संदेहबोधक वाक्य

प्रश्न 119 - _____ भारत में सूरज जल्दी उगता है।

1. पूर्वोत्तर
2. पश्चिमोतर
3. दक्षिणोत्तर
4. उत्तर पूर्व

प्रश्न 120 - राष्ट्रीय कार्यक्रम ______ नियोजन में रूचि न होने से देश की जनसँख्या बढ़ती जा रही है।

1. खाद्यान
2. परिवार
3. कृषि
4. स्वास्थ्य

www.4eno.in
up police

Sample Papers Available for General Knowledge, General Hindi, Reasoning in Hindi, Simple Mathematics Questions, Numerical Ability, Uttar Pradesh Gk.

**Download More Practice Paper For Up Police in Hindi**

## Answer key

| Question No. | Answer | Question No. | Answer | Question No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|
| 61 | 2 | 81 | 1 | 101 | 1 |
| 62 | 4 | 82 | 2 | 102 | 1 |
| 63 | 2 | 83 | 4 | 103 | 2 |
| 64 | 3 | 84 | 4 | 104 | 2 |
| 65 | 1 | 85 | 1 | 105 | 1 |
| 66 | 2 | 86 | 4 | 106 | 1 |
| 67 | 3 | 87 | 2 | 107 | 4 |
| 68 | 1 | 88 | 3 | 108 | 1 |
| 69 | 1 | 89 | 3 | 109 | 2 |
| 70 | 1 | 90 | 2 | 110 | 2 |
| 71 | 3 | 91 | 2 | 111 | 1 |
| 72 | 4 | 92 | 1 | 112 | 1 |
| 73 | 2 | 93 | 1 | 113 | 3 |
| 74 | 4 | 94 | 3 | 114 | 4 |
| 75 | 1 | 95 | 1 | 115 | 3 |
| 76 | 2 | 96 | 1 | 116 | 1 |
| 77 | 3 | 97 | 1 | 117 | 1 |
| 78 | 1 | 98 | 3 | 118 | 2 |
| 79 | 1 | 99 | 4 | 119 | 1 |
| 80 | 2 | 100 | 3 | 120 | 2 |

www.4eno.in
up police